https://www.upboardonline.com

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

# 932 825(CE)

## 2017

## सामाजिक विज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



## खण्ड - क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. कूका आन्दोलन किसने प्रारम्भ किया था ?

(क) सन्त गुरु राम सिंह

(ख) लाला हरदयाल

(ग) सरदार भगत सिंह

(घ) बाल गंगाधर तिलक । 1

2. रानी अवन्तिबाई कहाँ की शासिका थीं ?

(क) जगदीशपुर

(ख) इन्दौर

(ग) कित्तूर

(घ) रामगढ़। 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



3. गाँधीजी ने नमक सत्याग्रह कहाँ प्रारम्भ किया था ?

(क) पोरबन्दर

(ख) डाँडी

(ग) वर्धा

(घ) चम्पारन। 1

4. काँग्रेस के अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव किस वर्ष पारित हुआ था ?

(क) 1927 ई०

(ख) 1928 ई०

(ग) 1929 ई०

(घ) 1930 ई०। 1

5. मौलिक अधिकार सम्बन्धी मुकदमे सुनने का अधिकार किसको है ?

(क) केवल उच्चतम न्यायालय को

(ख) केवल उच्च न्यायालय को

(ग) केवल उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को

(घ) उच्चतम तथा उच्च न्यायालय दोनों को । 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



6. 'सह अस्तित्व' का सिद्धान्त निरूपित किया गया था

(क) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में

(ख) पंचशील की घोषणा में

(ग) मानवाधिकारों की घोषणा में

(घ) भारतीय संविधान की उद्देशिका में। 1

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

7. बिस्मार्क कौन था ? उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि क्या थी ? 1 + 1

8. जनहित याचिका क्या है ? इसे न्यायालय में कैसे प्रस्तुत कर सकता है ? 1 + 1

9. राज्यसभा में अधिकतम कितने निर्वाचित और कितने मनोनीत सदस्य हो सकते हैं ? 1 + 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

10. 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम क्यों असफल रहा ? किन्हीं **तीन** कारणों पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

1905 में बंगाल विभाजन क्यों किया गया था ? भारतीयों की उस पर क्या प्रतिक्रिया थी ? यह कब निरस्त हुआ ? 1 + 1 + 1

11. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद का गठन कैसे होता है ? संसद मंत्रियों पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है ? किन्हीं **दो** उपायों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

**अथवा**

राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है ? उसका निर्वाचन कैसे होता है ? 1 + 2



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. कपड़ा उद्योग तथा यातायात के क्षेत्र में क्रान्ति लाने में सहायक आविष्कारों का वर्णन कीजिए। उनका सामाजिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? किन्हीं **दो** प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 4 + 2

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध के **दो** मुख्य कारण दीजिए। इसका तात्कालिक कारण क्या था ? इस युद्ध में किन राष्ट्रों की विजय हुई ? यह गत शताब्दियों के युद्धों से किस प्रकार भिन्न था ? 2 + 1 + 1 + 2

13. संयुक्त राष्ट्र के निम्नलिखित अंगों के गठन और कार्यों को संक्षेप में लिखिए :

(अ) महासभा

(ब) अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय

(स) आर्थिक व सामाजिक परिषद। 2 + 2 + 2

**अथवा**



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



भारत की रक्षा के लिये सेना किस प्रकार गठित की जाती है ? थल सेना कितने कमान्डों में विभक्त है ? नाम भी लिखिए। भारतीय सशस्त्र सेना का सर्वोच्च सेनापति कौन है ? 2 + 3 + 1

### ( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है :

14. (i) वह नगर जहाँ मुगल बादशाह तथा अवध के नवाब की अंग्रेजों से सन्धि 1765 में हुई थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह नगर जहाँ गोपालकृष्ण गोखले ने सर्वेन्ट्स ऑफ इन्डिया सोसाइटी की स्थापना की थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



(iii) वह नगर जो भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी का मुख्यालय है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह नगर जहाँ इन्दिरा गाँधी की हत्या हुई थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह नगर जो दिल्ली से पहले ब्रिटिश भारत की राजधानी थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** ये प्रश्न मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) मुगल बादशाह तथा अवध के नवाब ने अंग्रेजों से 1765 में किस नगर में सन्धि की थी ? 1

(ii) गोपालकृष्ण गोखले ने सर्वेन्ट्स ऑफ इन्डिया सोसाइटी की स्थापना किस नगर में की थी ? 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



(iii) थियोसोफिकल सोसाइटी का मुख्यालय भारत में कहाँ है ? 1

(iv) इन्दिरा गाँधी की हत्या किस नगर में हुई थी ? 1

(v) दिल्ली से पहले ब्रिटिश भारत की राजधानी कहाँ थी ? 1

## खण्ड - ख

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से किस राज्य में समुद्र तट नहीं है ?

(क) महाराष्ट्र

(ख) गुजरात

(ग) केरल

(घ) मध्य प्रदेश। 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



16. निम्नलिखित में से कौन क्षेत्र भूस्खलन से अधिक प्रभावित होता है ?

(क) पर्वतीय क्षेत्र

(ख) पठारी क्षेत्र

(ग) मैदानी क्षेत्र

(घ) समुद्रतटीय क्षेत्र। 1

17. निम्न में से कौन धात्विक खनिज है ?

(क) ताँबा

(ख) अभ्रक

(ग) हीरा

(घ) चूना पत्थर। 1

18. ईंटों का बाजार है

(क) स्थानीय

(ख) प्रादेशिक

(ग) राष्ट्रीय

(घ) अन्तरराष्ट्रीय। 1

[ Turn over



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



19. 'राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग)' का अध्यक्ष कौन होता है ?

(क) भारत के राष्ट्रपति

(ख) प्रधानमंत्री

(ग) वित्त मंत्री

(घ) मानव संसाधन विकास मंत्री। 1

20. भारत की निम्नलिखित में से कौन आयातित वस्तु है ?

(क) जूट निर्मित वस्तुएँ

(ख) चाय

(ग) चमड़े की वस्तुएँ

(घ) खाद्य तेल। 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. भारत के किन्हीं **दो** लौह उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए। 1 + 1

22. विकासशील देश से आप क्या समझते हैं ? 2

23. भारत में आर्थिक नियोजन की कोई **दो** उपलब्धियाँ बताइए। 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. बहुउद्देश्यीय नदी घाटी परियोजना किसे कहते हैं ? इन परियोजनाओं के कोई **दो** उद्देश्य बताइए। $2 + \frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**अथवा**

ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण भारत में क्यों आवश्यक है ? कोई **तीन** कारण बताइए। 1 + 1 + 1

25. श्रम की **तीन** विशेषताएँ बताइए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

केन्द्रीय सरकार की आय के **तीन** स्रोत बताइए। 1 + 1 + 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. भारत में जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न किन्हीं **तीन** समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 2 + 2 + 2

**अथवा**

भारत में लोहा एवं इस्पात उद्योग का विवरण निम्न शीर्षकों के अन्तर्गत दीजिए :

(अ) कच्चे माल की उपलब्धता

(ब) उद्योग के प्रमुख केन्द्र। 3 + 3

27. कृषि निविष्टियों से आप क्या समझते हैं ? किन्हीं **पाँच** निविष्टियों का महत्व बताइए। 1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

कुटीर उद्योग किसे कहते हैं ? कुटीर उद्योगों के महत्व तथा समस्याओं पर प्रकाश डालिए। $1 + 2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2}$



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



## ( मानचित्र कार्य )

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) सतपूड़ा पर्वत श्रेणी /\/\ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) जूट उत्पादक क्षेत्र [+ +] चिह्न द्वारा। 1

(iii) कागज उद्योग का एक केन्द्र △ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) नागपुर नगर ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) मध्य प्रदेश राज्य की राजधानी ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

[ Turn over



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



## ( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) गंगा नदी की एक सहायक नदी का नाम बताइए। 1

(ii) भारत की कोई **दो** बागाती फसलों के नाम बताइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) ओडिशा राज्य की राजधानी बताइए। 1

(iv) अभ्रक उत्पादक एक राज्य का नाम बताइए। 1

(v) भिलाई नगर किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है ? 1

**825(CE) - 5,70,000**



https://www.upboardonline.com